तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



11 सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 19वें दिन में भी जारी





12 तेज अंधड़ व गर्जना के साथ हुई बारिश ओले भी गिरे...




## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## कार्रवाई : खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन ने लिया तत्काल संज्ञान

# खमतराई रेत घाट में अवैध उत्खनन करते मिला चैन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रेत घाटों में अवैध उत्खनन की खबर पर लगी मुहर, रंगे हाथ पकड़े जाने पर हुई कार्रवाई

खमतराई रेत घाट में खनिज विभाग द्वारा शुक्रवार को दबिश देकर रेत का अवैध उत्खनन कर रही चैन माउंटेन को जब्त किया है। बता दें कि यह कार्रवाई हरिभूमि द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित अवैध रेत उत्खनन की खबर पर भी मुहर लगा रही है कि प्रशासन की नाक के नीचे रेत का अवैध उत्खनन निर्बाध हो रहा है। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन के आलाधिकारियों ने संज्ञान लिया तब रेत उत्खननकर्ताओं पर मेहरबान अधीनस्थ विभागीय अफसरों ने कार्रवाई की।






मिली जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा पारित अंतरिम आदेश तथा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के परिपत्र के परिपालन में खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार शुक्रवार को खमतराई रेत घाट से 01 चैन माउंटेन ग्राम पंचायत खमतराई महानदी में अवैध रेत अवैध उत्खनन करते पाए पर जब्त करते हुए वाहनों को तुमगांव थाना में रखा गया है।

### सूचना पर तत्काल होगी कार्रवाईः कलेक्टर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने



हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा कि इस प्रकार का कृत्य करने पर अवैध उत्खनन/पविहनकर्ताओं के विरुद्ध दंडात्मक/एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंनें जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किए जाने का भरोसा जताया।

### एफआईआर दर्ज कर परिवार दाखिल करने की होगी कार्रवाई

बता दें कि खनिज विभाग ने अवैध रेत, चूना एवं फर्शी पत्थर परिवहन करते 3 वाहनों को जब्त किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 02 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान खनिज चूना पत्थर के 01 हाइवा, खनिज फर्शीपत्थर का 01 ट्रक अवैध परिवहन करते हुए तथा 04 अप्रैल को 01 चैन माउन्टेन ग्राम पंचायत खमतराई महानदी में रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर जब्त किया गया है। जब्त वाहन ट्रक सीजी 06 जीजी 3004, हाईवा सीजी 06 एचए 6668 व चैन माउंटेन सीयूएसपी 41-60140 उपरोक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियमन 1957 की धारा 21 के अतंर्गत दंडात्मक कार्रवाई/02 से 05 वर्ष की सजा के लिए एफआईआर दर्ज कर परिवाद दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक हुई कार्रवाईयों पर एक नजर

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन के 24 प्रकरण दर्ज कर 16 प्रकरणों में समझौता राशि 26 लाख 53 हजार 650 रुपए वसूल निर्धारित मद में जमा कराया गया है। 03 प्रकरण में अवैध उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाया गया है, 02 प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय में विचाराधीन है एवं 02 प्रकरण प्रक्रियाधीन है। अवैध परिवहन के 191 प्रकरण दर्ज कर 162 प्रकरण में समझौता राशि 33 लाख 46 हजार 556 रुपए वसूल कर निर्धारित मद में जमा कराया गया है, 24 प्रकरण में अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध 03 एफआईआर दर्ज कराया है एवं 05 प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। इसी प्रकार अवैध भंडारण के 17 प्रकरण दर्ज कर 16 प्रकरणों में समझौता राशि 12 लाख 40 हजार 750 रुपए वसूल कर निर्धारित मद में जमा कराया गया है एवं 01 प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का कुल 232 प्रकरण दर्ज कर 195 प्रकरणों में कुल समझौता राशि 72 लाख 40 हजार 956 रुपए वसूल कर निर्धारित मद में जमा कराया गया है।

# रेत खदान को लेकर चल रही बैठक में दो पक्ष आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दोनों पक्षों ने लिखाई रिपोर्ट, 20 लोगों के खिलाफ हुआ जुर्म दर्ज

ग्राम गढ़सिवनी में रेत खदान को लेकर चल रही बैठक के दौरान दो पक्षों की बीच जमकर मारपीट हो गई। बता दें कि गढ़सिवनी रेत खदान में भी अवैध उत्खनन चल रहा है। यहां से अवैध उत्खनन कर महानदी में अनाधिकृत तरीके से रेम बनाकर आरंग की ओर से निकासी की जा रही है। कतिपय इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों की अलग-अलग रिपोर्ट पर तुमगांव पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीण अध्यक्ष व गढ़सिवनी निवासी गैंदलाल पुष्पाकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अप्रैल को करीब 11.30 बजे ग्राम के रेत खदान मामले को लेकर गांव वालों के कहने पर बाजार चौक में ग्रामीण बैठक रखी। बैठक में रेत खदान के बारे में चर्चा चल रही थी कि उसी समय आरोपी अश्वनी सोनकर, रवि सोनकर, पोखन साहू, कृष्ण कुमार साहू, सूरज सोनकर, सूर्यकांत साहू, हरीश साहू, रूपेश साहू, राजेश साहू (खेलू), योगेश साहू, बिट्टू साहू वहा आए और मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान प्रार्थी मेडिकल में जाकर खड़ा था, तब अश्वनी ने हाथ पकड़कर खींचा और सभी लोग मारपीट करने लगे। उसके बाद भी प्रार्थी ने कुछ नहीं कहा और दूसरी जगह जाकर खड़ा हो गया। इसके बाद फिर आरोपियों द्वारा वीडियो बना रहे हो कहकर मारपीट किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 190, 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

इस घटना को लेकर दूसरे पक्ष की ममता सोनकर पति अश्वनी सोनकर की रिपोर्ट पर 9 आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि 3 अप्रैल को 11.30 बजे के बीच रेत खदान के संबंध में बाजार चौक में चर्चा हो रही थी। उसी समय गैंदलाल सोनकर, सतीश सोनकर, कमलेश सोनकर, भगत साहू, महेश सोनकर, सुरेश सोनकर, जयश्री दास, उमा सोनकर, लता गोस्वामी द्वारा एक राय होकर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर मुक्के एवं लाठी से मारपीट किया, और महिलाओं के बाल पकड़कर एवं घसीटकर मारपीट किया। मारपीट के दौरान महिला के पति के बांये आंख में चोट आई है। बीच बचाव करने के दौरान प्रार्थिया एवं पोखन साहू, रवि सोनकर, राजेश उर्फ (खेलु), नेहा सोनकर एवं माधुरी सोनकर के साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3),190, 191(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चाकू लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि पतेरापाली रोड पिटियाझर नाला के पास एक व्यक्ति हाथ में चाकू रख कर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम रामसागर ध्रुव पिता स्व. पुकलाल ध्रुव (31 साल) निवासी मुड़मार वार्ड नं 08 सामाजिक भवन के पास थाना व जिला महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खेत से मुरूम निकाल रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** खेत से मुरूम निकाल रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। बसना पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को बड़ेटेमरी निवासी व चौकीदार राधेश्याम देवता ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व कुदरी खार के अपने खेत के मुरूम को जेसीबी मशीन से निकलवाया था। उस खेत को ग्राम डुमरपाली के अर्जुन डडसेना द्वारा मेरा खेत है मुरूम क्यों निकाले हो कहते हुए फोन कर प्रार्थी को बुलाया। जब प्रार्थी पहुंचा तो आरोपी अर्जुन डडसेना गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे लकड़ी के डंडे मारा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




**खबर संक्षेप**

## मनकी में रुकवाई गई नाबालिग वर की शादी

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम मनकी सेक्टर पटपरपाली में बाल विवाह की एक घटना को समय रहते प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक रोका गया। ग्राम मनकी निवासी 15 वर्षीय बालक का विवाह धरुल (नुनियामुड़ा), जिला बरगढ़ (ओडिसा) निवासी कन्या के साथ 4 अप्रैल 2025 से 7 अप्रैल 2025 के बीच निर्धारित था। जांच के दौरान यह पाया गया कि वर की उम्र 18 वर्ष से कम है, जिससे यह विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इस जानकारी के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए पालकों को समझाइश दी गई और विवाह कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया। पालक पान सिंह ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अभी अपने पुत्र की शादी नहीं करेंगे और जब राजकुमार विवाह योग्य आयु (21 वर्ष) पूर्ण कर लेगा, तभी उसका विवाह संपन्न कराएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया है कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और समाज में इसे किसी भी हाल में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया कि विवाह के सभी कार्यक्रम पूर्ण रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

## 22 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** सूटकेस व बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे दो लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 22 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को 4 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक बैग व एक सूटकेस में अवैध मादक गांजा रखकर एन एन 53 रोड ग्राम मुरमुरी चौक में बस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा। उनके पास रखे एक पीले कलर के बैग एवं एक सूटकेस की तलाशी ली गई। जिसमें खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ कुल 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने-अपने नाम अंशुल अमरोही पिता अनिल अमरोही (20 साल) और नितीन बेसकर पिता राजेश बेसकर (24 साल) वार्ड नंबर 22 इटारसी जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश का निवासी होना बताए। पुलिस ने इनके पास के बैग में 05 पैकेट 9.320 किलोग्राम एवं सूटकेस से 06 पैकेट 12.680 किलोग्राम कुल 22 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,30,000 रुपए सहित अन्य सामान बरामद किए। आरोपियों ने उक्त गांजा को संबलपुर ओडिशा से इटारसी मध्यप्रदेश खपाने ले जाना बताया। मामले में आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# बस्तर में मलेरिया पर डंक, चार साल में पॉजिटिव रेट 4.6 से घटकर 0.33 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज >> रायपुर

- शहरों में अब भी लोग हैं मच्छरों से हलाकान
- अभियान के तहत लाखों लोगों की जांच की और दवा दी

राजधानी रायपुर या किसी और शहर में अब भी लोग मच्छरों के हमलों से हलाकान हैं, काफी सरकारी कोशिशों के बाद भी मच्छर कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। हालत ये है कि दिन हो या रात, हर समय मच्छर हमलों के लिए तैयार रहते हैं।

इससे उलट एक तस्वीर और है। मच्छरों के हमलों से सबसे ज्यादा हताहत रहने वाले राज्य के वनांचल इलाके बस्तर संभाग में अब से करीब पांच साल पहले तक मच्छर काटने से सबसे अधिक लोग परेशान और बीमार होकर जान गंवा रहे थे, राज्य सरकार ने इसी दौरान वर्ष 2020 में मलेरिया उन्मूलन के लिए अभियान शुरू किया था। उस समय वहां मलेरिया पॉजिटिव की दर 4.6 प्रतिशत थी, लेकिन अभियान का नौंवा चरण आते आते यह दर 0.33 प्रतिशत रह गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से मलेरिया को उन्मूलन करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 'मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान चलाया गया है। अभियान के प्रथम चरण वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया। अभियान का दसवां चरण माह जुन-जुलाई 2024 में पूर्ण किया गया। सर्वे दल के द्वारा घर-घर भ्रमण कर आर.डी. टेस्ट के माध्यम से सभी व्यक्तियों का रक्त जाँच किया गया एवं मलेरिया पॉजिटिव पाए गए रोगियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने सामने मलेरिया रोधी दवा का प्रथम खुराक खिलाया गया। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले खाद्य खिलाने के पश्चात ही दवा सेवन कराया गया, ताकि किसी भी पार्श्व-प्रतिक्रिया को समय पूर्व उपचार किया जा सकें। पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने हेतु रोगियों को उपचार कार्ड प्रदाय किया गया तथा संबंधित ग्राम पारा के मितानिन बहनों के द्वारा दवा का शेष खुराख पूर्ण कर, दवा का खाली-पत्ता को संग्रहीत किया गया।



### हर चरण में लाखों लोगों की जांच

अभियान के दौरान सर्वे दल द्वारा जाँच एवं उपचार के साथ-साथ एल.एल.आई.एन मच्छरदानी के उपयोग हेतु जानकारी दिया गया एवं मच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण गतिविधि आदि कार्य भी किया गया है। रक्त जांच के बाद हितग्राहियों के पैर के अंगूठे में निशान लगाया गया, साथ ही सभी सर्वे किये गए घरों में स्टीकर चस्पा किया गया। प्रथम चरण में 14.06 लाख, द्वतीय चरण में 23.75 लाख, तृतीय चरण में 15.70 लाख, चतुर्थ चरण में 19.98 लाख, पांचवां चरण में 14.36 लाख, छठवां चरण में 43.61 लाख सातवां चरण में 19.50 लाख, आठवां चरण में 21.31 लाख, नौवां चरण में 19.64 लाख एवं दसवां चरण में 14.66 लाख व्यक्तियों का मलेरिया जांच किया गया। प्रथम चरण में 64646, द्वितीय चरण में 30076, तृतीय चरण में 16126, चतुर्थ चरण में 9790, पांचवां चरण में 11321, छठवां चरण में 7479, सातवां चरण में 8939, आठवां चरण में 4615, नौवां चरण में 10271 एवं दसवां चरण में 4899 व्यक्तियों का मलेरिया पॉजिटिव पाया गया, जिनका पूर्ण उपचार किया गया। बस्तर संभाग में प्रथम चरण में मलेरिया धनात्मक दर 4.6 था जो घटकर नौवां चरण में 0.33 पर आ गया है।

### रायपुर की लैब में होती है हर माह जांच

मलेरिया संबंधी जांच हर माह केन्द्रीय प्रयोगशाला एवं क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला, भारत सरकार लालपुर, रायपुर में जांच किए गए रक्तपट्टी का क्रॉस चेक किया जाता है। जिले में पदस्थ मानव संसाधनों को कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु विकासखंड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर तथा राज्य स्तर में समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पारित हुआ। इसके बाद वक्फ संशोधन बिल गुरुवार को राज्यसभा में भी पारित हो गया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह संशोधन



वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। प्रेस विज्ञप्ति में विधायक सिन्हा ने कहा है कि प्रस्तावित कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है।

इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, पारदर्शिता और तकनीक आधारित प्रबंधन है। विपक्ष का काम भ्रम फैलाने का है इसलिए वे इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं। फिर भी यह बिल दोनों सदनों में पारित हो गया।

## वक्फ संशोधन बिल ऐतिहासिक निर्णय, देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा

हरिभूमि न्यूज >> सरायपाली

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने वक्फ संशोधन बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा। इस बिल के माध्यम से वक्फ संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो पहले किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे था। यह एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिससे देश की न्यायिक प्रणाली को मजबूती मिलेगी।



सरला कोसरिया ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से वक्फ ट्रिब्यूनल के निर्णयों को अब न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी, जो एक बड़ा सुधार है। पहले यह संभव नहीं था, जिससे कई विवादों का समाधान नहीं हो पाता था। अब न्याय की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। कोसरिया ने विपक्ष द्वारा बिल के विरोध को अनुचित बताया और कहा कि यह किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में वक्फ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। सरला कोसरिया इस निर्णय को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि यह केवल वक्फ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी धार्मिक संपत्तियों की पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## वक्फ संशोधन अधिनियम के पारित होने से मुस्लिम समाज को मिलेगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने संसद में वक्फ संशोधन अधिनियम पारित होने पर हर्ष जताया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि इस अधिनियम के पारित होने से मुस्लिम समाज को संरक्षण मिलेगा। जिससे मुस्लिम बच्चों व महिलाओं को भी संरक्षण मिल सकेगा। इस अधिनियम के तहत वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। वक्फ संपत्तियों का संरक्षण होगा और उनका दुरुपयोग रोका जा सकेगा।



# जिला स्तरीय संयुक्त समिति ने किया औद्योगिक संस्थानों का निरीक्षण



**महासमुंद।** जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह के आदेश के परिपालन में मेसर्स मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड बिरकोनी में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, रामकुमार ध्रुव जिला परिवहन अधिकारी, सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक नापतौल विभाग उपस्थित रहे। जांच के दौरान विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत निरीक्षण किया गया। जिन अधिनियमों में त्रुटियां पाई गई है, उसमें प्रबंधन को निर्देशित किया कि 01 सप्ताह के भीतर त्रुटियों की पूर्ति कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। परिवहन विभाग द्वारा जांच में किसी प्रकार अनियमितता नहीं पाई गई। नापतौल विभाग द्वारा जांच कर नोटिस दिया जा रहा है। मे. परिजात इंटरप्राइजेस बिरकोनी में संयुक्त टीम द्वारा जांच किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अन्तर्गत निरीक्षण किया गया। ओवर टाईम के संबंध में रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। श्रमिकों से संबंधित अन्य रिकार्ड भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जिन अधिनियमों में कमियों पाई गई है। प्रबंधन को 01 सप्ताह के भीतर पालन कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। परिवहन विभाग द्वारा जांच में किसी प्रकार अनियमितता नही पाई गई। नापतौल विभाग द्वारा जांच कर नोटिस दिया जा रहा है।

## माता कौशल्या विहार में निकास नाली सीपेज सफाई की समस्या, लाइट भी बंद

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या माता विहार आवासीय परिसर में निकास नाली, सीपेज और साफ-सफाई की समस्या है। यही नहीं, स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार को स्थल निरीक्षण के दौरान कौशिल्या माता विहार के रहवासियों ने अपनी परेशानी बताई। श्री कुमार ने मौके पर गये तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निवासियों की मांग पर फ्लैट्स के पानी की पाइप लाइन में वाल्व लगाने की हिदायत भी उन्होंने दी। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार ने कौशिल्या माता विहार क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टरों में रवहां स्थिति का जायजा लेने गुरूवार को अधिकारियों के साथ दौरा किया।

## प्राधिकरण के सचिव ने ली अधिकार मित्रों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सभाकक्ष में सखी वन स्टाप सेंटर एवं ग्राम पंचायत में पदस्थ एवं जिले के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने जारी विज्ञाप्ति में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो द्वारा जिले के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों की बैठक लेकर उनके द्वारा किए जाने वाले विधिक जागरुकता गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के बारे में किए जा रहे विधिक जागरुकता अभियान एवं कार्यक्रमों संबंधी कार्यो की समीक्षा ली गई। सचिव आफरीन बानो द्वारा विशेष कर नालसा हेल्प लाइन एवं नालसा पोर्टल पर दिए जाने वाले विधिक सलाह के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जनचेतना, नेशनल लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर किए जाने वाले प्रकरणों के बारे में जन-जागरूकता, हमर अंगना, वृद्धजनों के लिए करूणा अभियान, बेसहारा बच्चों के लिए अभियान आसरा सहित माननीय नालसा द्वारा चलाए जा रहे अभियानों तथा आमतौर पर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने संबंधी चर्चा करते हुए उपस्थित अधिकार मित्रों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।



# भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर दी गई जानकारी






**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन से आए आगामी कार्यक्रमों को लेकर स्थानीय विश्राम गृह में भाजपा मंडल पिथौरा की बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री अशोक चौधरी ने किया।

## "भक्त जितना ज्यादा ऊपर उठता है उतने ही उसके दुश्मन होते हैं"

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

ग्राम बेमचा के खल्लारी मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस शुक्रवार को कथावाचक पंडित मिथलेश तिवारी ने भक्तों को बताया कि जो भक्त जितना ज्यादा ऊपर उठता है उतने ही उसके दुश्मन होते है। कोई जरूरी नहीं कि दुश्मनी के लिए कारण हो, बिना कारण के भी दुश्मन होते है। चार दिन पहले किराए के मकान में रहते थे। अब स्वयं का संगमरमर का मकान बना लिया, ये भी दुश्मनी का कारण हो सकता है। चार दिन पहले मजदूरी करता था, अब स्वयं की फैक्ट्री डाल दी, ये भी कारण हो सकता है। संभरासुर ने गोविंद और रूखमणि के पहले पुत्र को चुरा लिया और समुद्र में फेंक दिया। मछली ने बालक को निगल लिया। मछुआरों ने उसी समय मछली को जाल से फंसाया और संभरासुर को भेंट कर दिया। विद्यावती ने उस बालक को पाला व बारदबी ने बताया कि ये तुम्हारा पति कामदेव है। प्रद्युम्न संभरासुर को मार पत्नी विद्यावती को लेकर द्वारिका आए, इतने में प्रभु के कुल सोलह हजार एक सौ आठ कुल विवाह हुए। भगवान नारद ने द्वारिका आए तो भगवान 16108 रूप बनकर रहते थे। इसीलिए कहा गया कि जो राम ने किया उसे करो, कृष्ण ने जो कहा उसे करो। राजसूय यज्ञ में प्रभु ने शिशुपाल का वध किया ये बड़ी बात नहीं, बड़ी बात है कि शिशुपाल की प्राण ज्योति सात बार आकाश मंडल में घूमने के बाद गोविंद में समा गई। वह प्रभु को शत्रु मानकर भजता था। शिशुपाल 99 गाली रोज बिना कारण के देता था। गाली देते समय याद भी करता था और मानना है कि भगवान को भगवान बेटा भाई मित्र पिता परमात्मा मानकर तो कोई भी भजा सकता है। लेकिन जो ज्यादा भजता है, परमात्मा उसे अवश्य मिलते है। शिशुपाल गाली देते समय चिंतन तो करता ही था, एक बार आपको मित्र तो भूल सकता है। पर शत्रु को स्वप्न भी नहीं भूलता। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

00 **महासमुंद।** छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम 1994 के नियम 6 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला महासमुंद के लिए स्थायी समिति गठन के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की है।

# मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई का एक महत्वपूर्ण पहलू: छत्रपाल

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्यः कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटारा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि विषय विशेषज्ञ व मनोचिकित्सा विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर, अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, विशिष्ट अतिथि साइकेट्रिस सामाजिक कार्यकर्ता पीएसडब्लू डॉ. रामगोपाल खूंटे, कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडेय मंचस्थ रहे। सभी मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे ने कहा कि आज हम मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करेंगे, जो हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है। और इसका हमारे दैनिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। डॉ. रामगोपाल खूंटे ने बताया कि महासमुंद जिले आत्महत्या के मामले में भी आगे है, इसीलिए हमारे द्वारा शासकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्यशाला आयोजित करते है। मानसिक स्वास्थ्य बच्चों के साथ साथ परिवार के लोगों ने भी होता हैं। आज वर्तमान में मुख्य कारण बच्चों में परीक्षा के समय, फैल होने से आदि प्रकार से मानसिक तनाव लेते है। उनके द्वारा हेल्प लाइन नंबर 14416 मानसिक स्वास्थ्य के लिए टोल फ्री नंबर एवं हेल्प लाइन नंबर 104 सामान्य स्वास्थ्य के लिए बताया गया। डॉ. छत्रपाल चंद्राकर द्वारा मानसिक तनाव के कैसे उत्पन्न होता है उसके बारे में अवगत कराया और कहा कि लाइफ़ स्किल, विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला करना, तनाव व चिंता को कम करने, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण एवं पहचान संबंधित जानकारी प्रदान किया। हमें मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और अन्य स्वस्थ आदतों का पालन करना होगा। मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है।



विशेषज्ञों से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछने का अवसर छात्र-छात्राओं को मिला। कार्यक्रम में महाविद्यायल वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ. दुर्गावती भारतीय, राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, डॉ अजय कुमार देवांगन, कार्यक्रम के संयोजक दिलीप कुमार बढ़ई, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, सहसंयोजक डॉ जगदीश सत्यम, मनीषा प्रधान, दिलीप कुमार लहर, डॉ जीवन चंद्राकर, परवीन नजीब हक, गायत्री चंद्राकर, विजय कुमार मिर्चे, डॉ. जागृति चंद्राकर, नम्रता तंबोली, राजलक्ष्मी साहू, रेणुका साहू, रितेश्वरी सेन, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर सहित अधिक संख्या में महाविद्यायल के समस्त संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन अजय कुमार राजा यूथ रेडक्रॉस प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई ने किया।

## कांग्रेस की बैठक में शामिल हुईं जिलाध्यक्ष रश्मि

हरिभूमि न्यूज >> महासमुंद

एआईसीसी द्वारा दिल्ली में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर भी शामिल हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री व महासचिव भूपेश बघेल, महासचिव मुकुल वासनिक व सहप्रभारीगणों, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक ली व संगठनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि हमारे नेतृत्व ने एक बात पर बहुत जोर दिया कि जिला कांग्रेस कमेटी की शक्तियां और जिम्मेदारियां बढ़ने जा रही हैं। वहीं अब उनका कामकाज आंका भी जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि देश व संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस जिला कांग्रेस को और मजबूती प्रदान करने के लिए रणनीति कांग्रेस जिला अध्यक्षों को दी गई। देश हित में संविधान की रक्षा के लिए सभी कांग्रेसियो को एकजुट होकर मुंहतोड़ जबाब देना होगा। आगे डॉ रश्मि ने बताया कि अब जिला अध्यक्ष के काम सिर्फ जमीनी पकड़ बनाने का हीं नहीं होगा, ये लोग पार्टी के लिए कई तरह की जानकारियां और डाटा भी जुटाएंगे। बैठक में जिला अध्यक्षों से चर्चा के दौरान बताया कि जिला में संगठन को चलाने में क्या-क्या दिक्कतें आ रही है इस बात को जिला अध्यक्षों ने राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया। हर जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। आगे डॉ रश्मि ने बताया कि इस बैठक से कांग्रेस की योजना जहां जमीनी स्तर पर पकड़ बनाना है, वहीं इसे जिले के नेतृत्व के एक कारगर हथियार के तौर पर देखा जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### महानदी के पानी को कोडार बांध तक पहुंचाने पाइपलाइन की मांग

**महासमुंद।** महानदी से पानी को पाइपलाइन के माध्यम से कोडार बांध तक पहुंचाने की मांग भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने की है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के सिरपुर, तुमगांव, महासमुंद शहर क्षेत्र में सूखे की बढ़ती समस्या को देखते हुए स्थानीय लोगों के सुझाव पर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर महानदी से पानी को पाइपलाइन के माध्यम से कोडार बांध तक पहुंचाने की मांग की है।

### सीएमओ ने फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** गर्मी के मौसम में संभावित पानी की कमी से निपटने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने गुरुवार को जलशोधन संयंत्र (फिल्टर प्लांट) का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारी से स्टॉप डेम पर जल की स्थिति, इंटेकवेल में लगी टरबाइन मोटर, क्लियर वाटर टैंक आदि कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी लेते हुए उपलब्ध एलम, ब्लीचिंग आदि स्टाक का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को अवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्थापना प्रभारी करन यादव, केमिस्ट धनंजय पटेल, धनेश्वर यादव उपस्थित रहे।

### आंदोलन: ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप, लोगों की बढ़ी परेशानी

# सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 19वें दिन में भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा



जनपद पंचायत परिसर इन दिनों पंचायत सचिव संघ अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर आंदोलन का गवाह बना हुआ है, जहां सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को 19वें दिन में दाख़िल हो गई। सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस फ़ैसला न आने पर सचिवों में जबरदस्त नाराजगी पाई जा रही है। इस आंदोलन की वजह से ग्राम पंचायतों में विकास की रफ्तार थम गई है और नागरिक परेशानियों से जूझ रहे हैं।

हड़ताल को उस वक़्त और ताक़त मिली, जब अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने आंदोलन का समर्थन करते हुए सचिवों के साथ मजबूती से खड़े होने का ऐलान किया। जनपद के कई अधिकारी और कर्मचारी अब खुलकर पंचायत सचिवों की जायज़ मांगों के समर्थन में आ गए हैं। हड़ताल की वजह से ना तो प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं और ना ही योजनाओं की स्वीकृति दी जा रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में सरकारी सुविधाओं का लाभ लेना नामुमकिन हो गया है।

#### गांवों में ठप पड़े विकास के पहिए

पंचायत सचिवों की इस हड़ताल का असर अब गांव-गांव में दिखने लगा है। विकास कार्यों के दस्तावेज़ अटके पड़े हैं, नई योजनाओं को मंजूरी नहीं मिल रही है और जन्म-मृत्यु, जाति प्रमाण पत्र जैसे अहम दस्तावेज़ जारी नहीं किए जा रहे। सचिव संघ का कहना है कि अगर सरकार ने जल्द मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस दौरान फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारका पटेल, रोहिणी देवांगन, लेखराम साहू, कौतुक पटेल, देवता सर, सुशील चौधरी, सूर्यकांत तिवारी, अशोक साहू, पुनीत सिन्हा, मुरली साव, वृंदावन विश्वकर्मा, रेवाराम, शिवलाल विश्वकर्मा, श्याम पटेल, हीरामणि, विश्राम मेघा, दीपिका, हेमलता, हीरा निषाद, परमेश्वर, सुभाष, तुलाराम पटेल, सुशीला पटेल, कुंती आंवले, गीता सामंत राय, रेखा राम सूर्ये, चिरंजीव मांझी, राम अवतार ध्रुव, रोहित पटेल, उमाशंकर भोई सहित अन्य सचिव उपस्थित थे। अब सवाल यह है कि क्या सरकार पंचायत सचिवों की आवाज़ सुनेगी या यह आंदोलन और भी तीव्र हो जाएगा? फिलहाल, ग्रामीण विकास की गाड़ी बिना इंजन के खड़ी नजर आ रही है।

# बारनवापारा में चैत्र नवरात्रि का उल्लास देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा



ग्राम बारनवापारा में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी मंदिरों और घरों में श्रद्धालु आस्था के दीप जलाकर माता का पूजन कर रहे हैं। मंदिरों में हर रोज भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं देवी दरबारों में जसगीतों और भक्ति संगीत की सुमधुर ध्वनि गूंज रही है।

वनांचल क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में तुरतुरिया और सिंघाध्रुवा चांदादाई मंदिरों में भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहाँ आस्था की जगमग ज्योत और जवांरा के दर्शन कर श्रद्धालु सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इन ऐतिहासिक देवी स्थलों की अपनी अलग मान्यताएं हैं। तुरतुरिया की माता काली को संतानदात्री देवी के रूप में पूजा जाता है। पौष पूर्णिमा के त्रिदिवसीय मेले के अलावा, यहाँ वर्षभर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है।

वहीं, जय सिंघाध्रुवा चांदादाई स्थित प्राचीन गोंड गुफा शक्ति स्थल में गोंडी रीति-रिवाजों के अनुसार पारंपरिक रूप से चैत्र और क्वांर नवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। पर्व विशेष के अवसरों पर यहां श्रद्धालु पूजा-पाठ और कटंगा खोल झरिया स्नान के लिए भी पहुंचते हैं। इसके अलावा क्षेत्र के चरौदा (ब) सहित कई गांवों में भी मातादेवालयों और घरों में ज्योत-जंवारा स्थापित कर माता की आराधना की जा रही है। ग्राम बार में सिन्हा परिवार द्वारा भी श्रद्धापूर्वक माता का पूजन किया जा रहा है। ताराबाई सिन्हा एवं उनके पुत्र-पुत्रवधु कृष्ण कुमार-भुवनेश्वरी सिन्हा तथा शिवकुमार-ईश्वरी सिन्हा द्वारा इस अवसर पर ज्योत-जंवारा का आयोजन किया गया है। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है।

## किसान पुत्र को बीज निगम अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने किया किसानों का सम्मान: देवेंद्र



**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार द्वारा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को बीज निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री का दर्जा) बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे चंद्राकर के पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा, समर्पण, सेवा भाव व संगठन के प्रति उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली का प्रतिफल बताया। देवेंद्र ने कहा कि छात्र जीवन से जनसेवा का ध्येय लेकर चंद्रहास ने राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। संघ के सिपाही के रूप में उन्होंने राष्ट्र सेवा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। देवेंद्र ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसे कर्मठ कार्यकर्ताओं की पहचान है। राज्य व केंद्र सरकार के योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने सरकार प्रतिबद्ध है। और इसी कड़ी चंद्रहास की नियुक्ति से यह परिलक्षित हो रहा है कि पार्टी ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान कर जनहित में यह नियुक्तियां की है।

# बिजली काटने की धमकी देकर रुपये ऐंठने वाले तीन बंदी

**महासमुंद।** बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर बिजली बिल का बकाया भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की धमकी देकर लोगों से हजारों रुपये ऐंठने वाले तीन लोगों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महासमुंद क्षेत्र के ग्राम केशवा, साल्हेभांठा, शेर, मोरधा, कनेकेरा, पचेड़ा और धनसुली में बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर कुछ लोगों द्वारा राशि वसूलने की जानकारी के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग में मामले की शिकायत की। जांच करने पर पता चला कि यह पूरी तरह से ठगी का मामला है। बाद कनिष्ठ यंत्री पीआर वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जांच में सामने आया कि ठगों ने 16 ग्रामीणों से कुल 75 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और फिंगेश्वर जिला गरियाबंद निवासी लेखन निर्मलकर (29), महासमुंद महामाया पारा निवासी गणेश भोई (40) और खैरा महासमुंद निवासी सुमन धीवर (35) को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318(4) और 319(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और कितने ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाया है। आरोपी गांवों में खुद को बिजली विभाग के अधिकारी या कर्मचारी बताते थे और उपभोक्ताओं को बताते थे कि उनका बिजली बिल बकाया है। यदि तुरंत भुगतान नहीं किया गया तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली कटने के डर से ग्रामीण 1 हजार रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक दे देते थे। बाद आरोपी यह कहकर गायब हो जाते थे कि रसीद कार्यालय से मिलेगी।






## खबर संक्षेप



### खरोरा में दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां मां दुर्गा की महाआरती भी हुई। संगठन के प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त, मांसाहारमुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं।

### विद्युत उपकरण सुधार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के 18 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए घरेलू विद्युत उपकरण सुधार व चार पहिया वाहन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### रेणु गोस्वामी के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** ग्राम खम्हारमुड़ा निवासी रेणु गोस्वामी (60) का रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे रोमांतक गिरि की धर्मपत्नी, राहुल गिरि की मां तथा वंश गिरि की बड़ी माता थीं। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि , रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, सुरेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, मनोज गिरि, दुर्वासा गिरि, देवेंद्र गिरि, रवि गिरि, प्रदीप गिरि, अर्जुन गिरि, राघवेंद्र गिरि आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### कन्हाई मंदिर में अष्टमी पर हवन पूजन आज

**महासमुंद।** स्थीनीय वार्ड क्रमांक 2 में मां कुलदेवी कन्हाई परमेश्वरी माता मंदिर में 5 अप्रैल शनिवार अष्टमी पर सुबह माता श्रृंगार, 10 बजे हवन पूजन, कन्या भोज पश्चात माता प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी कहार भोई समाज महासमुंद राज के सचिव योगेश कश्यप ने दी है।

## निधन

### चितरंजन नाग

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन निवासी चितरंजन नाग का निधन 3 अप्रैल गुरुवार को रायपुर के निजी अस्पताल में हो गया। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में प्यून के पद पर कार्यरत रहे। इनका अंतिम संस्कार बिंद्रावन में किया गया। यात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## तेज अंधड़ व गर्जना के साथ हुई बारिश, ओले भी गिरे...





**नर्रा।** चक्रवात और द्रोणिका के असर से मौसम में बललाव आया है। बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमावर्ती नर्रा क्षेत्र के तीन चार गांवों में अच्छी बारिश तो कुछ गांव में मध्यम बारिश हुई। कहीं-कहीं पर जमकर बौछार पड़ने की खबर है। इससे तापमान में गिरावट जरूर आई है। आसपास के गांवों में गुरुवार को दोपहर में तेज अंधड़ व गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। अंधड़ के कारण पेड़ की टहनियां गिर गई। वहीं शाम को ठंडी हवाएं चलती रही। शाम रात तक रिमझिम बारिश होती रही है। लोगों को बारिश के मौसम जैसा लगने लगा था बारिश के कारण गर्मी से राहत जरूर मिला है। कुछ रबी धान फसल के लिए बारिश अमृत बना। क्षेत्र में कई जगह ओले गिरने की खबर है।

## नपा उपाध्यक्ष देवीचंद आज ग्रहण करेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सांसद, विधायक, पूर्व विधायक व नपाध्यक्ष होंगे शामिल



नगर पालिका परिषद महासमुंद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन 5 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिसर में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्षता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य कृषि बीज एवं विकास निगम लिमिटेड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, डा. विमल चोपड़ा पूर्व विधायक, पूनम चंद्राकर पूर्व राज्यमंत्री, इंद्रजीत सिंग गोल्डी छग भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री भाजपा, पवन पटेल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, राशि महिलांग पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, महेंद्र सिका शहर मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं समस्त पार्षदगण होंगे। उक्ताशय की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दी।

## आयोजन: आंगनबाड़ी केंद्र में कन्या भोज का आयोजन

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कन्याओं का सम्मान और उनके बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के लिए शहरी सेक्टर के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र दलदली रोड में अध्ययनरत बालिकाओं का पूजन कर उन्हें कन्या भोज कराया गया। बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कन्याओं को भोजन कराया गया। जिसमें चावल-दाल, दूध और अन्य पौष्टिक चीजों से बनी खीर, प्रसाद आदि शामिल है।

शहरी परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नवरात्रि पर यह आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केंद्र 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विद्यालय पूर्व शिक्षा प्रदान करते हैं। यहां टीकाकरण सेवाएं, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा सहायता और रेफरल सेवाएं भी प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कन्याओं को सम्मान देना, उनके बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुनिश्चित करना, और समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करना है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू चंद्राकर, मितानिन, स्थानीय महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद रहीं।

### आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण दिवस



**महासमुंद।** वार्ड नंबर 22 व 23 के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान के तहत गर्भवती माताओं व बच्चों की अच्छी सेहत के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण व अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका व वार्डवासी महिलाएं उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 4 लोगों से की 3.80 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला अस्पताल में पदस्थ रहे वार्ड बॉय द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर चार लोगों से धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मामले की शिकायत व जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। नौकरी दिलाने के नाम पर की गई धोखाधड़ी की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान अनावेदक वरूण साहू जो जिला चिकित्सालय महासमुंद वार्ड ब्वाय के पद पर पदस्थ था, ने आवेदकगण व उसके परिजन को स्वास्थी विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर आवेदक सुरेन्द्र कन्नौजे से 40000 रुपए, आवेदक खोमन कन्नौजे से 40000 रुपए एवं आवेदिका प्रियंका दुबे से 150000 रुपए व साक्षी शर्मा से 150000 रुपए कुल 3,80,000 रुपए की धोखाधड़ी करना पाया गया। जिस पर अनावेदक वरूण साहू निवासी भुरका थाना महासमुंद के विरूद्ध धारा 420 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शिकायत जांच के दौरान आवेदकगण खोमन कन्नौजे, श्रीमती प्रियंका दुबे, सुरेन्द्र कन्नौजे से पूछताछ कर कथन लिया गया। सम्पूर्ण शिकायत जांच पर अनावेदक वरूण साहू जो जिला चिकित्सालय महासमुंद वार्ड ब्वाय के पद पर पदस्थ था, ने स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर आवेदक सुरेन्द्र कन्नौजे से उसकी पत्नि जागेश्वरी कन्नौजे की नौकरी लगाने के लिए 22.07.2021 को नगद 40,000 रुपए आवेदक खोमन कन्नौजे से 22.04.2019 को नगद 40,000 रुपए, आवेदिका प्रियंका दुबे से नगद 1,50,000 रुपए तथा साक्षी शर्मा से नगद 1,50,000 रुपए कुल 3,80,000 रुपए लिए गए। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महासमुंद में फिर धमके दो दंतैल

**महासमुंद।** बलौदाबाजार वन मंडल व लवन रेंज से निकलकर दो दंतैल बार अभ्यारण्य सड़क को पार कर वन मंडल महासमुंद के ग्राम बोरिद के खेत में प्रवेश किया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ने आधे दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कराकर जंगल की ओर जाने के लिए मना किया है। बता दें कि इससे पूर्व एक दंतैल 23 मार्च को कोठारी और बार नवापारा के जंगल से निकलकर महासमुंद वन मंडल के ग्राम सोरिद में विचरण कर रहा था जो बाद में वापस चला गया। लंबे समय बाद वन मंडल महासमुंद में फिर एक बार हाथियों के पहुंचने से फसल नुकसान और जनहानि की संभावना बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार दो दंतैल गुरुवार रात जिला बलौदा बाजार वन मंडल और लवन रेंज से निकल कर बरबसपुर से बार सड़क को पार कर वन मंडल महासमुंद के ग्राम बोरिद के खेत में प्रवेश किया। बाद दोनों हाथी खेत से निकल कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 181, 174, 173, 175, 172 के जंगल में प्रवेश किया। आज सुबह दोनों हाथियों का लोकेशन कक्ष क्रमांक 173, 174, 175 के जंगल में ट्रेस हुआ है इनके कक्ष क्रमांक 176, 133 में आगे बढ़ने की संभावना है। हाथियों के क्षेत्र में विचरण के बाद ग्राम बोरिद, अमलोर, चुहरी, पासिद, छताल, मरौद, रायकेरा, सुकुलबाय, नांदबारु के आस पास के ग्रामीणों को सतर्क किया गया है।


### छग रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद



**तेंदूकोना।** राज्य सरकार छग शासन द्वारा चुने गए निगम मंडल के अध्यक्ष में प्रह्लाद रजक को छग रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति से रजक समाज में हर्ष का माहौल है। अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला के सर्व धोबी समाज अध्यक्ष पंचु राम निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर सचिव कौड़िया परिक्षेत्र, छबि राम निर्मलकर अध्यक्ष खल्लारी, जीवराखन अध्यक्ष सुवरमाल, सफेद लाल निर्मलकर अध्यक्ष फुलझर, रमेश निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, ढालेश निर्मलकर अध्यक्ष संत गाडगे नव युवक समिति तेंदूकोना सहित समस्त सामाजिक बंधुओं में हर्ष व्याप्त है।

### रामनवमीं पर कल निकाली जाएगी शोभायात्रा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में श्रीरामनवमी पर 6 अप्रैल रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन दोपहर 3 बजे से किया गया है। रामनवमी को लेकर रामजानकी मंदिर में तैयारी चल रही है। आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भगवान के पूर्ण अभिषेक स्नान व पूजा अर्चना के बाद भक्तों द्वारा ग्राम भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी। सनातन वैदिक धर्म के तत्वावधान में बालिकाओं व युवाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा में भगवा ध्वज लहराया जाएगा। शोभायात्रा राम मंदिर से ग्राम के प्रमुख मार्ग से निकाली जाएगी, जिसका समापन मंदिर में शाम 7 बजे महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम के समस्त गणेश समितियों, सेवा समितियों, दुर्गा समिति, रामायण मंडलियों, समस्त ग्रामवासियों को उपस्थित होने की अपील की है।






### मंत्री राजवाड़े से मिले नमो-नमो मोर्चा के पदाधिकारी

महासमुंद। नमो-नमो मोर्चा भारत के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर मोर्चा संगठन द्वारा प्रदेश में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने मंत्री राजवाड़े को नमो-नमो मोर्चा संगठन के कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि केंद्र सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नमो-नमो मोर्चा भारत के जिलाध्यक्ष आचार्य विजय पुरण शास्त्री, रोहित साहू, राकेश साहू आदि उपस्थित थे।







